देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 179 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**कामकाजी महिलाओं की राह जटिल




# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 22 अगस्त 2019

PAGE 3 PUBLICATION




मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 22.0°

37060.37

2 प्रियंका चोपड़ा से बौखलाया पाकिस्तान

7 कुंबले को बनाना चाहिए मुख्य चयनकर्ता

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीनगर और जम्मू के मेयरों को मिला राज्य मंत्री का दर्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। श्रीनगर और जम्मू नगर निकायों के मेयरों को राज्य मंत्री स्तर का दर्जा दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश में यह बताया गया है। अतिरिक्त सचिव सुभाष छिब्बर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में कहा गया है कि आतिथ्य और प्रोटोकॉल विभाग सक्षम प्राधिकार की मंजूरी के साथ इसके लिए जरूरी कदम उठाएगा। आदेश में कहा गया है कि इसके तहत श्रीनगर नगर निगम (एसएमसी) और जम्मू नगर निगम (जेएमसी) के मेयर को उनके क्षेत्रीय अधिकार के अंतर्गत राज्यमंत्री के स्तर का दर्जा दिया गया है।

### 2 साल बाद योगी कैबिनेट का पहला विस्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की अगुआई वाली मंत्रिपरिषद का पहला विस्तार हुआ है। 19 मार्च 2017 को योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। दो साल के बाद हुए इस विस्तार में 18 नए चेहरों को सरकार में जगह मिली है। वहीं, स्वतंत्र प्रभार वाले चार मंत्रियों का कैबिनेट मंत्री के रूप में प्रमोशन हुआ है। महेंद्र सिंह, सुरेश राणा, भूपेंद्र सिंह चौधरी और अनिल राजभर को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार से प्रमोट करते हुए कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं, नीलकंठ तिवारी का ओहदा राज्यमंत्री से बढ़ाकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार किया गया है।

### घटने लगा यमुना का पानी, नहीं बनेगा 207 मीटर का रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तीन दिन रौद्र रूप दिखाने वाली यमुना आखिरकार अब शांत मूड में आने लगी है। जलस्तर पांच घंटे तक स्थिर रहने के बाद अब घटने लगा है। आशंका थी कि जलस्तर 207 मीटर पार कर जाएगा, लेकिन अब ऐसा नहीं लग रहा। जलस्तर घटने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। इसलिए अब दिल्ली में बाढ़ की संभावना कम हो गई है।

# राहत सामग्री ले जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश

## पायलेट, को-पायलेट समेत तीन लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उत्तरकाशी/देहरादून। उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री ले जा रहे हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इससे पायलट समेत उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मारे गए तीनो लोगों के परिजनों को 15–15 लाख देने की घोषणा। कहा, फिलहाल हेली आपरेशन रोक दिया गया है। शवों को जहां परिजन कहेंगे पहुंचा दिया जाएगा। यह हैलीकाप्टर राहत सामग्री लेकर मोरी से मोल्डा जा रहा था। इसमें पायलट सहित तीन लोग सवार थे। हेलीकॉप्टर वहां सेब की पेटियों को सड़क तक पहुंचाने वाली ट्रॉली की तार में उलझ कर क्रैश हुआ हो गया। इस दौरान उसमें आग भी लग

■मारे गए तीनो लोगों के परिजनों को 15–15 लाख देने की घोषणा

गई। इससे हेलीकॉप्टर में सवार पायलट कैप्टन लाल, सहायक पायलट कैप्टन शैलेश के साथ ही खरसाली निवासी राजपाल की मौके पर ही मौत हो गई। मोल्डी गांव में पिछले तीन दिनों से राहत सामग्री ड्रॉप नहीं हो पा रही थी।

यहां स्थितियां अनुकूल न होने के कारण हेलीकॉप्टर की लैंडिंग संभव नहीं हो पाई थी। बुधवार को शासन ने निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री ड्रॉप करने की योजना बनाई थी। इस दौरान कुछ सामग्री ड्रॉप कर दी गई थी। उसके बाद यह हादसा हो गया। उत्तरकाशी आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुचांकर वापस आ रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलेट, को-पायलेट व एक स्थानीय व्यक्ति के निधन पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

आराकोट के समीप वायर से बचने के प्रयास में हेलीकॉप्टर पहाड़ से टकरा गया, इस दुर्घटना में कैप्टन लाल, कैप्टन शैलेश एवं ग्राम खरसाली के राजपाल राणा की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के परिजनों को 15–15 लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र में जाकर घटना की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि उत्तरकाशी के आराकोट क्षेत्र में रविवार की सुबह आई आपदा से करीब 35 गांव प्रभावित हैं। इसमें 15 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। वहीं, बीस लोग लापता बताए जा रहे हैं।



दुर्घटनाग्रस्त हैलीकॉप्टर के गिरे हुए टुकड़े।

### हेली रेस्क्यू भी चल रहा है

प्रभावित क्षेत्र में कई लोग बेघर हो गए हैं और राहत शिविरों में उन्हें रखा गया है। वहीं, प्रभावित क्षेत्र में 300 से ज्यादा कार्मिकों की रेस्क्यू टीमें यहां सोमवार से राहत कार्यों में जुटी हैं। हेली रेस्क्यू भी चल रहा है।

# पी.चिदंबरम की मुश्किलें और बढ़ीं

## दो दिन बाद सुप्रीम कोर्ट करेगा अग्रिम जमानत पर सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईएनएक्स मीडिया केस में घूसखोरी के आरोपों में घिरे पी. चिदंबरम की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज किए जाने के बाद पूर्व वित्त मंत्री के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। बुधवार को दिन में शीर्ष अदालत ने इस मामले की सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद पी. चिदंबरम के 11 वकीलों की टीम ने सीजेआई तक का रुख किया था। अब इस मामले की सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत ने 23 अगस्त की तारीख तय की है।

पी. चिदंबरम मंगलवार को हाई कोर्ट में जमानत अर्जी खारिज होने के बाद से ही लापता हैं। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होने से स्पष्ट है कि उन पर अब भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। मंगलवार दोपहर को दिल्ली हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद से ही पी. चिदंबरम लापता चल रहे हैं। मंगलवार शाम को सीबीआई और ईडी की टीमें उनके दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची थीं। इस दौरान पी. चिदंबरम घर पर नहीं पाए गए और जांच एजेंसियां उनके स्टाफ से ही पूछताछ कर लौट गईं।

### बचाव में उतरे राहुल और प्रियंका

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी ने पी. चिदंबरम का बचाव किया है। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ईडी, सीबीआई और कुछ मीडिया समूहों के जरिए चिदंबरम का चरित्र हनन कर रही है। वहीं, प्रियंका ने कहा कि केंद्र की सच्चाई उजागर करने वाले चिदंबरम से सरकार असहज है।

### चीन ने दोस्त को दे दिया झटका

इस मामले में पड़ोसी मुल्क चीन बार-बार भारत के प्रयासों में अड़ंगा लगा रहा था। दरअसल, वह अपने सदाबहार मित्र पाकिस्तान को इस मामले में कवर कर रहा था। गौर करने वाली बात यह है कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की थी। ऐसे में चीन का यह रुख अपने आपमें पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है।

# बारामुला में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर, जेएनएन। मुठभेड़ के दौरान जम्मू-कश्मीर के बारामुला में सुरक्षाबलों ने एक आंतकी को मार गिराया। वहीं, पुलिस का एक जवान भी इस मुठभेड़ में शहीद हो गया है। सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़ अब समाप्त हो गई है। जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद यह पहली मुठभेड़ थी।

बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों को बारामूला में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष दल आतंकियों की घेराबंदी की। सुरक्षाबलों को देख आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान एसपीओ बिलाल अहमद और एसआइ अमरदीप परिहार घायल हो गए। जवानों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीक अस्पताल पहुंचाया गया परंतु बिलाल ने इलाज के दौरान जख्मों का ताव न सहते हुए दम तोड़ दिया।

इसी दौरान सुरक्षाबलों ने भी एक आतंकी को मार गिराया। मारा गया आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित था और उसकी पहचान मोमिन गोजरी निवासी बारामूला के रूप में हुइ है। इसके अलावा सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से काफी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद भी बरामद किया है।

### मुठभेड़

**शासनिक पाबंदियों में राहत को विस्तार**

5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में पथराव की छुटपुट हुई घटनाओं के अलावा शांति का माहौल रहा है। स्थिति में सुधार को देखते हुए प्रशासन ने 70 पुलिस थाना क्षेत्रों में घोषित प्रशासनिक पाबंदियों में आठ घंटे की राहत दी। साथ ही संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि वह आम लोगों की आवाजाही न रोकें और सिर्फ शरारती तत्वों पर कड़ी निगाह रखते हुए उन्हें किसी भी तरह का मौका न दें।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# चंद्रयान-2 ने पाई एक और सफलता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चंद्रयान-2 ने आज चंद्रमा की दूसरी कक्षा में भी सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया। उसने आज दोपहर 12.50 बजे चांद की दूसरी कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जो कुल 1228 सेकंड यानी करीब 20 मिनट 46 सेकंड में पूरी हुई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि पहले से सुनियोजित प्रक्रिया के तहत चंद्रयान-2 को चांद की दूसरी कक्षा में प्रवेश करने में पूर्ण सफलता मिली है।

देश की स्पेस एजेंसी ने बताया कि इस क्रम में चंद्रयान-2 की सारी गतिविधियां बिल्कुल सामान्य रहीं। चंद्रायन-2 अब 28 अगस्त को चांद की तीसरी कक्षा में प्रवेश करेगा। इसरो के मुताबिक, उसकी प्रक्रिया शाम 5:30 बजे से शुरू होगी और 6.30 बजे तक खत्म हो जाएगी।

गौरतलब है कि मंगलवार को चंद्रयान-2 ने पृथ्वी की कक्षा से निकलकर चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। चंद्रयान-2 को यह सफलता लॉन्चिंग के 29वें दिन मिली थी।

### चांद की दूसरी कक्षा में भी सफलता पूर्वक प्रवेश हुआ